# यूपी-जापान निवेश सम्मेलन में एआई से दूर हुई भाषाई बाधा

**लखनऊ।** विदेशी निवेश को सुगम बनाने के लिए इन्वेस्ट यूपी अब भारत सरकार के एआई संचालित बहुभाषी प्लेटफॉर्म 'भाषिणी' का उपयोग कर अपनी राह आसान कर रहा है।

यूपी-जापान निवेश सम्मेलन 2026 में इस साझेदारी का सफल क्रियान्वयन देखने को मिला, जहां 'भाषिणी' की रियल-टाइम अनुवाद तकनीक ने भारतीय और जापानी प्रतिनिधियों के बीच भाषा की बाधा को पूरी तरह खत्म कर दिया। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने जब हिंदी में सभा को संबोधित किया, तब 'भाषिणी' के श्रुतलेख फीचर के माध्यम से उनके भाषण का रियल-टाइम जापानी भाषा में अनुवाद हुआ।